## शहर में आज

- रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की रोटरी भवन में कार्यशाला शाम 7 बजे।
- मॉडल टॉउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे से।

## एक नजर

### निगम ने वन विभाग को भेजा 1.98 करोड़ का हाउस टैक्स का बिल

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने वन विभाग को 1.98 करोड़ का हाउस टैक्स बकाया का बिल भेजा है। मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन ने निगम के कर विभाग पर सवाल खड़ करते हुए नगर आयुक्त को पत्र भेजा कर जानकारी मांगी है। उन्होंने पत्र में बताया है कि यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि बिल कितने समय का है। जबकि विभाग 31 मार्च 2024 को 31.46 लाख बकाया जमा कर चुका है। इसके बाद भी बिल बकाया होना समझ से परे है। मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह ने नगर आयुक्त को भेजे पत्र में बताया है कि मार्च में विभाग की ओर से नगर निगम को गृह, सीवर और जल टैक्स जमा कर दिया गया है, जो टैक्स बिल नोटिस आया है, वो सही नहीं है। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि जांच कर सही बिल के संबंध में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिए हैं। इसको लेकर पुरानी फाइलों की जांच की जा रही है।

### डाक मतपत्रों की मतगणना की तैयारी करें

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को सीडीओ जगप्रवेश ने डाक मतपत्रों की मतगणना की व्यवस्था में लगाए गए अधिकारियों की बैठक की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि तैयारी के दौरान कोई समस्या आ रही है तो उसे समझ लें। मतगणना के दौरान कोई दिक्कत न हो। इस दौरान जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी नीतू सिंह सिसौदिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जाम से मुक्ति के लिए बनाए पुल मगर समस्या जस की तस

## पुलों के नीचे अतिक्रमण से लगता है जाम, बेतरतीब निकलते हैं वाहन, अतिक्रमण हटाने का स्थाई उपाय नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलों को बनाने में करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, लेकिन उनके नीचे आए दिन जाम लग रहा है। इससे निजात दिलाने के लिए कई बार विभाग ने कार्ययोजना बनाई, लेकिन फाइलों तक सिमट कर रह गई। इस वजह से हर रोज हजारों लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है।


शहामतगंज पुल के नीचे अतिक्रमण की वजह से जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार


कुतुबखाना पुल के नीचे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

शहामतगंज पुल के नीचे जाम की समस्या का निदान अभी तक नहीं हो पाया है। नगर निगम ने पुल के नीचे नो वेंडिंग जोन घोषित कर रखा है। यहां पर यातायात पुलिस की ड्यूटी रहती है, ताकि जाम न लगे। हकीकत यह है कि आड़े तिरछे वाहनों के निकलने के कारण जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। चौराहे पर बेतरतीब तरीके से टेंपो और ई रिक्शा खड़ा कर सवारियों उतारी और बैठाई जाती हैं। पुल के नीचे संकरा मार्ग होने के वजह से जाम लग जाता है। इसके चलते सौ कदम की दूरी तय करने में आधा घंटा लग जाता है।

बुधवार को प्रेमनगर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि एक रिश्तेदार को ट्रेन पर बैठाने के लिए बाइक से निकला हूं, सोचा कि पुल के नीचे से कुछ खाने पीने का सामना खरीद लूंगा, इस चक्कर में जाम में फंस गया। जाम में फंसने के दौरान डर लग रहा था कि ट्रेन न छूट जाए। स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ई रिक्शा से जा रहीं महानगर निवासी अर्चना ने बताया कि पुल के तीन पिलर की दूरी तय करने में आधा घंटे का समय लग गया है। कुतुबखाना पुल के नीचे हर रोज जाम की समस्या से राहगीरों परेशान रहते हैं। जबकि यहां पर मोती पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग और पुल के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने की योजना नगर निगम ने बनाई है। पुल के नीचे का हाल यह है कि बाजार बंदी के दिन को छोड़ कर अधिकांश दिनों में जाम के हालात बने रहते हैं।

इसकी वजह अतिक्रमण है। चौपुला पुल के नीचे बेतरतीब वाहनों के खड़ा होने से अक्सर जाम लगता है। यहां पर बीच सड़क पर वाहनों को खड़ा कर सवारियां भरी जाती हैं। किला पुल के नीचे भी लोगों को जाम से जूझना पड़ता है।बाइक सवार परसाखेड़ा निवासी अभय सिंह तोमर ने बताया कि उनका अक्सर शहर में आना जाना होता है।

## सूफी टोला में एक सप्ताह से नहीं आ रहा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच नगर निगम के वार्ड 78 मोहल्ला सूफी टोला में एक सप्ताह से पेयजल सप्लाई ठप है। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। मोहल्ले के लोगों ने इस संबंध में कमिश्नर और नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की है। डॉ. आंबेडकर समाज कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष नदीम कुरैशी ने बुधवार को शिकायती पत्र देकर बताया है कि सूफी टोला में मालियों की पुलिया वाली गली के पास पाइप लाइन में पानी न आने से लोगों को दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी निगम का जलकल विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां पानी का प्रेशर भी कम रहता है। लोग हैंडपंप के सहारे हैं।

# इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम से नोकझोंक

## नगर निगम की टीम ने सामान जब्त किया तो किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम बुधवार को अतिक्रमण हटाने के लिए इंदिरा मार्केट पहुंची। टीम ने अतिक्रमण करने वालों का सामान कब्जे में लिया तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान टीम से लोगों की नोकझोंक हुई। पुलिस और मजिस्ट्रेट न होने के कारण अभियान के प्रभारी को काफी देर तक अतिक्रमणकारियों ने घेरे रखा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।


इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

- टीम के वापस जाते ही फिर सज गईं दुकानें

करीब 12 बजे टीम के प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना पटेल चौक पहुंचे। यहां पर लगे जूस, चाय के ठेला और खोखा आदि को हटावाया। इसके बाद हनुमान मंदिर के सामने काफी संख्या में फास्ट फूड आदि के ठेलों को कब्जे में लेकर नगर निगम भिजवा दिया। कुछ देर बाद नॉवेल्टी चौराहा, कोतवाली के पास टीम ने दुकानदारों को चेतावनी देनी शुरू की तो वे सामान लेकर भागने लगे। टीम जब कुतुबखाना पुल के नीचे पहुंची तो यहां भी कुछ दुकानदार सामान समेट कर भाग गए। जब टीम ने इंदिरा मार्केट में पहुंचकर अतिक्रमण करने वालों का सामान कब्जे में लेना शुरू किया तो विरोध शुरू हो गया। काफी संख्या मौजूद लोगों ने अभियान के प्रभारी को घेर लिया और सामान वापस करने की जिद पर अड़ गए। प्रवर्तन दल ने खदेड़ दिया।

### टीम के साथ अन्य जगहों पर हुई तकरार

अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम की टीम को कई जगहों पर विरोध झेलना पड़ा। पुलिस के न होने के कारण टीम को पीछे भी हटना पड़ रहा था। अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बार नोकझोंक होने के बाद भी मजिस्ट्रेट और स्थानीय पुलिस को साथ नहीं लिया जा रहा है।

## पहली बार राजनीतिक दलों के एजेंटों के अलग-अलग होंगे पास

**बरेली, अमृत विचार :** मतगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। काउंटिंग में राजनीतिक दलों के लगने वाले एजेंटों के पहली बार लोकसभा क्षेत्र वार अलग-अलग रंग के पास बनाए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस तरह की व्यवस्था लागू की गई है। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों के एजेंटों के पास अलग रंग के होंगे, जबकि आंवला और पीलीभीत के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के एजेंटों के अलग रंग के पास बनाए जांएगे। इसके पीछे मंशा है कि मतगणना के समय एक दूसरे क्षेत्र के राजनीतिक दलों के एजेंट अपने ही मतगणना हाल में रहें, दूसरे हाल में न जा सकें। वहीं, बुधवार को भी भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए अलग-अलग बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बिंदुवार जानकारियां आयोग की ओर से दी गईं। डीएम रविंद्र कुमार, वीसी बीडीए, नगर आयुक्त, एडीएम, एसडीएम मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा करने वालों की संख्या बढ़कर पहुंची 54

संवाददाता, बरेली/शीशगढ़

- जांच में कई और अपात्रों को आवास देने का मामला आएगा पकड़ में

**अमृत विचार :** शीशगढ़ कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ देने के मामले में बड़ा खेल हुआ है। अब तक की जांच में 54 अपात्र लोगों को आवास देने का मामला पकड़ा जा चुका है। जांच पूरी होने तक अपात्रों की संख्या बढ़ सकती है। जांच में इस खेल में शामिल कई अधिकारी भी फंस सकते हैं। बुधवार को डूडा कार्यालय में भी फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद हलचल रही।

शीशगढ़ कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ देने में गड़बड़ियों की शिकायत हुई थी। काफी समय से प्रशासनिक अफसर गोपनीय तरीके से इसकी जांच कर रहे थे, लेकिन मंगलवार शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला अगवाड़ा में नायब तहसीलदार शिवा वर्मा, कानूनगो मुकेश कुमार जांच करने गए थे। उनकी जांच में मौके पर 10 लोग ऐसे पाए गए, जिनके आलीशान मकान बने हैं और इसके बाद भी उन्होंने योजना का लाभ ले लिया। जांच में बुधवार को अपात्रों की संख्या और बढ़ गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वालों में अब तक 54 से अधिक लोग अपात्र पाए गए हैं। इन सभी की जांच टीम की ओर से सूची तैयार कर ली गई है।

> शीशगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ देने में गड़बड़ियां हुई हैं। टीम की प्रारंभिक जांच में 45 से 50 लोग अपात्र पाए जा चुके हैं। पूरी जांच होने में समय लगेगा। मतगणना के बाद ही जांच पूरी हो पाएगी। जांच करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी। कार्रवाई मुख्यालय से ही तय होगी।
> **-देश दीपक सिंह,** एसडीएम मीरगंज

सभी लोग शीशगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो योजना में गड़बड़ी करने वालों में कुछ विभागीय जिम्मेदारों की मिलीभगत भी सामने आ रही है। कुछ महीने पहले डूडा कार्यालय में डीएम रविंद्र कुमार के औचक छापे में दलाल पकड़े गए थे। यही नहीं कई बार दलालों और जिम्मेदारों की साठगांठ भी उजागर हो चुकी है।

### 1142 लोगों के खातों में भेजी जा चुकी है पहली किस्त

अब जांच के बाद योजना का लाभ लेने के मामले में अपात्रों से सरकारी धन की रिकवरी कराई जाएगी। इस मामले में एफआईआर भी हो सकती है। आवास की जांच करने टीम को गड़बड़ी करने वालों के बारे में पता चला है लेकिन अभी किसी का नाम नहीं लिया गया है। शीशगढ़ में पिछले कुछ महीने में 1142 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। सभी के खातों में पहली किस्त भी भेजी जा चुकी है। डूडा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सर्वेयर-सुपरवाइजर व लेखपाल की भूमिका पर भी संदेह है।

# जिले के उत्पादों का उपयोग कर बढ़ाएंगे व्यवसाय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उद्यमियों के व्यवसाय की बढ़ोत्तरी के लिए कई उत्पाद ऐसे हैं, जो शहर में ही उपलब्ध हैं। इसके लिए उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहां औद्योगिक क्षेत्र में तमाम तरह के उत्पाद, कच्चा मॉल पैकेजिंग आदि की इकाइयां हैं। इसके जरिए उद्यमी अपने उत्पाद की लागत को कम कर व्यवसाय को बढ़ा सकते हैं। बुधवार को यह बातें आईआईए की बैठक में उद्यमियों ने कहीं।


रामपुर बाग के एक होटल में बैठक करते आईआईए के सदस्य। ● अमृत विचार

- आईआईए की बैठक में बोले- उद्यमी मंडी शुल्क से जुड़े मुद्दे पर की चर्चा

एक होटल में चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्थानीय स्तर पर बन रहे उत्पादों को यहीं के उद्यम एवं उद्यमियों के बीच में बेचने से संबंधित एक प्रयास में प्रोडक्ट्स, बाई प्रोडक्ट्स, रॉ मेटेरियल की जानकारी आपस में साझा की गई। बैठक में फूड इंडस्ट्रीज का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां कई आटा मिल्स हैं। मसाले भी बनाए जा रहे हैं। इन उत्पादों के पैकेजिंग के लिए यहीं पर गत्ता मिल भी है। इससे संबंधित कोई भी उत्पाद के लिए उद्यमी को दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। उसे सब कुछ यहीं के उद्यमियों से उपलब्ध हो जाएगा। इससे एक उद्यमी का व्यवसाय बढ़ेगा तो दूसरे के उत्पाद की लागत कम होगी तो उसे भी लाभ होगा।

मंडी समिति एवं मंडी शुल्क से संबंधित अलग-अलग प्रावधानों पर चर्चा हुई और यह पाया गया कि कई मामलों में केवल जिले में ही मंडी समिति के अफसरों की ओर से कागजी कार्यवाही कराई जा रही है, जो नियमानुसार गलत है। उद्यमियों ने कहा कि एक राज्य, एक कानून है तो उसका शहरों में अलग अलग पालन क्यों हो रहा है। इस प्रकरण को उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया है।

आईआईए के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने बिल्ड एक्सपो की जानकारी दी। चैप्टर कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने आभार जताया। संचालन चैप्टर सचिव मयूर धीरवानी ने किया।डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, नीरज गोयल, शेखर अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, उन्मुक्त सम्भव शील, अंशुल जैन, मोहित ऐरन, सामर्थ अग्रवाल, अशोक मित्तल, रोशन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सलील बंसल, सुनीत मूना, रवि खंडेलवाल, राकेश धीरवानी, राजीव आनंद, ध्रुव खनिजो, सक्षम जैन आदि मौजूद रहे।

# तेजी से बढ़ रहा प्लाईवुड उद्योग का दायरा, 613.5 करोड़ रुपये का निवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टिसुआ और नवाबगंज क्षेत्र में प्लाईवुड की लगेगी बड़ी फैक्ट्री
- जमीन खरीदी जा चुकी, नई इकाइयां लगने से मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार :** जिले में प्लाईवुड क्षेत्र में निवेश का दायरा बढ़ रहा है। अब टिसुआ और नवाबगंज क्षेत्र में प्लाईवुड की बड़ी फैक्ट्री लगने जा रही है। इसके लिए जमीन खरीद ली गई है।

जिले में करीब 20 प्लाईवुड फैक्ट्री चल रही हैं। इसमें लगभग 3 हजार लोगों को रोजगार मिला है। फरवरी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान दो उद्यमियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने की योजना बनाई और उसके लिए जमीन भी खरीद ली है। टिसुआ में रीयल प्लाईवुड फैक्ट्री 408 करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इसी तरह नवाबगंज के बरखन में नेमानी बोर्डस नाम से फैक्ट्री लगाकर यहां 200 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। दोनों उद्यमियों ने जगह खरीद ली है।

इसके अलावा बहेड़ी के गरीबपुरा में राजा राम विनियर ने 4 करोड़ रुपये और वुडबाइन इंडस्ट्री मीरगंज के नगरिया कल्याणपुर में डेढ़ करोड़ रुपये लगाकर फैक्ट्री लगा रही है। इसके अलावा बरेली प्लाईवुड भी अपने उद्यम का विस्तार कर रही है।

संयुक्त उद्योग आयुक्त सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार जिले में उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। लखनऊ दिल्ली के बीच बेहतर कनेक्टिविटी है, इसलिए भी लोग यहां उद्यम लगाकर रोजगार का सृजन कर रहे हैं। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन बताते हैं कि जिले में प्लाईवुड फैक्ट्री में हजारों लोगों को रोजगार मिला है। एक फैक्ट्री कम से कम 150 लोगों को रोजगार दे रही है। नए उद्यम लगने और प्लांट का विस्तार करने से भी सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार मुहैया होगा।

## ईवीएम की सुरक्षा के लिए एसपी दक्षिणी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारिक ने मंगलवार रात परसाखेड़ा में ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। उन्होंने निरीक्षण करने के बाद सुरक्षाबलों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

## भुता उपकेंद्र पर 4 घंटे गुल रहेगी बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** भुता उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में गुरुवार को चार घंटे बिजली गुल रहेगी। अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि विद्युत वितरण खंड द्वितीय के भुता उपकेंद्र पर 33 केवी की लाइनों पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली गुल रहेगी।







# सिविल लाइंस में कई घंटे बिजली रही गुल

- स्टेशन रोड बटलर प्लाजा और पटेल चौक पर बाधित हुई सप्लाई

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस के कई इलाकों में रात के साथ दिन में भी बिजली कटौती की गई। इससे गर्मी में लोग बेहाल हो गए।

सिविल लाइंस में मंगलवार की रात लोकल फाल्ट होने से रात में 12 से 1 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं बुधवार की दोपहर सिविल लाइंस के बटलर प्लाजा क्षेत्र में भी दो घंटे की बिजली कटौती की गई। इसके अलावा सीतापुर आई अस्पताल और पटेल चौक पर भी बुधवार की शाम को बिजली कटौती की गई। किला में बाकरगंज और हुसैन बाग में फेस नहीं आने पर लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। वहीं कुतुबखाना, बिहारीपुर, एजाजनगर गौंटिया, मढ़ीनाथ और बदायूं रोड पर भी ट्रिपिंग की समस्या रही।

**पवन विहार के लोगों को ओवरलोडिंग से मिलेगी निजात :** पवन विहार में ओवरलोडिंग की समस्या से अब लोगों को निजात मिलेगी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि पवन विहार की लाइन को विभाजित किया गया है, जिससे अब चार हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### आज कई इलाकों में काम की वजह से गुल रहेगी बिजली

सिविल लाइंस द्वितीय उपकेंद्र पर गुरुवार को पैनल बदला जाएगा। इस दौरान सिटी स्टेशन और कमल टाकीज फीडर की सप्लाई सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं सनसिटी उपकेंद्र पर पीरबहोड़ा में काम की वजह से गुरुवार की सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### जितनी बिजली खरीद रहा विभाग, उतनी नहीं हो पा रही वसूली

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बिजली उपभोक्ता हर महीने जितनी बिजली खर्च कर रहे हैं, उतना बिल जमा नहीं कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में 75 से 80 तो ग्रामीण क्षेत्र में 50 प्रतिशत बिल की ही वसूली हो पा रही है। अधिकारियों को कहना लोग समय से बिल जमा कर दें तो 24 घंटे बिजली सप्लाई दी जा सकती है। अधिकारी वसूली के लिए सख्त अभियान चलाने की बात कह रहे हैं। जिले के सात लाख से अधिक उपभोक्ता समय से हर महीने बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में 58 हजार उपभोक्ता हैं, जिनके 13.60 करोड़ के बिजली बिल की तुलना में 12.50 की वसूली ही हो पाती है। वहीं दूसरे डिवीजन में 49 हजार उपभोक्ताओं के 13.50 करोड़ के बिजली बिल के सापेक्ष 12 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पाती है। इसी तरह तृतीय डिवीजन में 58 हजार 602 उपभोक्ताओं में से 12 करोड़ रुपये के बिजली के बिल के सापेक्ष वसूली 10 करोड़ 55 लाख और चतुर्थ डिवीजन में 50 हजार उपभोक्ताओं के 10 करोड़ रुपये के बिजली बिल के सापेक्ष सिर्फ आठ करोड़ की वसूली हो पाती है। ग्रामीण इलाके में पांच लाख उपभोक्ताओं का 82 करोड़ का बिजली बिन बनता है, जिसके सापेक्ष 40 करोड़ रुपये ही हर महीने उपभोक्ता जमा करते हैं।

> जिले में उपभोक्ता बिजली की खपत करते हैं, उतना बिल हर महीने जमा नहीं कर पाते हैं। अगर उपभोक्ता हर महीने समय से बिजली के बिल का भुगतान करें तो उन्हें और भी बेहतर बिजली आपूर्ति दी जा सके। **-अशोक कुमार चौरसिया,** अधीक्षण अभियंता






# चुनाव की व्यस्तता से टल रही सुनवाई किसानों को मिल रही सिर्फ तारीख

## चकबंदी न्यायालयों में नियमित सुनवाई न होने से लंबित मुकदमों की संख्या कई गुना बढ़ी

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** जमीनों के विवाद की समस्याओं को सुलझाने के लिए चकबंदी न्यायालयों का रुख करने वाले किसानों को न्याय पाने के लिए लंबा वक्त लग रहा है। अफसरों की चुनाव में ड्यूटी लगी होने की वजह से चकबंदी न्यायालयों में नियमित सुनवाई का क्रम टूट गया है। इसकी वजह से कई केस लंबित हो गए हैं जिससे किसानों का दर्द और बढ़ गया। बुधवार को लंबी दूरी तय करने के बाद चकबंदी कोर्ट आने वाले किसानों के मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। हां, अगली तारीख जरूर मिल गई। फिलहाल, समस्या अभी बरकरार रहने वाली है, क्योंकि अफसर मतगणना की तैयारियों में व्यस्त हैं।

**सीओ की चारों कोर्ट में सबसे ज्यादा 414 मामले लंबित**

जिले में चकबंदी की छह कोर्ट हैं। डीजीसी, जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी की एक-एक और सीओ की चार कोर्ट हैं। आंकड़ों के मुताबिक सीओ की चारों कोर्ट में इस समय 414 वाद लंबित हैं। इसमें पांच साल पुराने सिर्फ चार केस बताए जा रहे हैं, जबकि तीन से पांच साल के 43, एक से तीन साल के 86 और एक वर्ष के भीतर के 281 केस हैं। जबकि जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी की कोर्ट में 156 वाद लंबित चल रहे हैं, इसमें एक साल के अंदर के 136 और एक से तीन साल के अंदर के 20 मामले हैं। इसके अलावा डीजीसी की कोर्ट में कुल 224 वाद लंबित हैं। 128 मामले एक साल के हैं। 85 एक से तीन साल पुराने हैं। तीन से पांच साल के 8 और तीन मुकदमे पांच साल पुराने हैं। चकबंदी अधिकारी भी मानते हैं कि चुनाव में व्यस्तता की वजह से कोर्ट में नियमित सुनवाई नहीं हो सकी, जिसकी वजह से लंबित मामलों की संख्या कुछ बढ़ गई है। चुनाव बाद स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

- भागदौड़ के साथ ही किसानों पर आर्थिक मार, अफसरों की चुनाव में लगी ड्यूटी



### सामान्य दिनों में एक महीने में 20 दिन सुनवाई, अभी बमुश्किल चार से पांच

चकबंदी अधिकारियों के अनुसार, सामान्य दिनों में कोर्ट में एक माह में कम से कम 20 दिन सुनवाई की जाती है, जिसमें 100 से 150 मामलों में नियमित सुनवाई कर वादों का निस्तारण करने का दावा किया गया है। हालांकि, अप्रैल में महज 5-6 दिन ही सुनवाई हो सकी। यह स्थिति चकबंदी की सभी न्यायालयों की रही है।

### 11 बजे से बैठे हैं पता नहीं सुनवाई होगी या नहीं



- आंवला के ढका गांव निवासी रामबहादुर बुधवार को तारीख पर सुनवाई के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एक साल से भाग दौड़ चल रही है। सुबह 11 बजे से बैठे हैं। ढाई बजने वाले हैं। पता नहीं कि आज भी सुनवाई होगी या नहीं। यहां से घर 14 किलोमीटर दूर है। आने जाने में 60 रुपया किराया लगता है।



- ढका गांव के ही इंद्रपाल भी तारीख पर सीओ की कोर्ट में आए थे। बताया कि पिता ने भूमि का बैनामा कराया था। दाखिल खारिज न होने से साढ़े आठ बीघा जमीन नहीं आ सकी। वाद दायर किए हुए वर्षों बीत गए। हर माह में चार से पांच बार आना पड़ता है। तारीख दी जाती हैं, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाता।



- सदर तहसील के करेली गांव के धर्मपाल भीषण गर्मी में कई किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचे थे। बताया कि बंटवारे के बाद भी जमीन नहीं मिलने पर वाद दायर कर रखा है। ढाई साल से ज्यादा का समय हो गया है। हर महीने इसी तरह से चार से पांच बार दौड़ लगाते हैं। हर बार नई तारीख थमा दी जाती है।



- गांव किशनपुर से पहुंचे बुजुर्ग पीतमपाल ने कहा कि चकबंदी होने के बाद से परेशानी और बढ़ गई है। चकरोड़ नहीं है। वाद दायर है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं है। यहां से घर करीब 15 किलोमीटर है। समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। एक बार आने में कम से कम सौ रुपये खर्च हो जाते हैं।



कुछ समय से नियमित सुनवाई न होने लंबित वादों की संख्या बढ़ी है, लेकिन जल्द इसे ठीक कर लिया जाएगा। 30 से 35 फीसदी मामलों में तारीख बढ़ानी पड़ी। पूरी कोशिश रहती है कि निस्तारण में देर भले लगे, लेकिन गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, जिससे वादकारी को परेशान न होना पड़े। यही वजह है कि शिकायतों की संख्या अब न के बराबर है।

**- पवन सिंह,** जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी

## एक नजर

### दिन के साथ रात में भी बढ़ने लगी गर्मी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। बुधवार को दिन के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं दिखा लेकिन रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने का पूर्वानुमान जताया है। जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 39.1 और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी रहेगी। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 40-43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28-29 डिग्री सेल्सियस तक रहने का पूर्वानुमान है।

### अधीक्षण अभियंता बोले नशे में फाल्ट ठीक करने से गई कर्मचारी की जान

**बरेली, अमृत विचार :** भमोरा के लंगूरा गांव में बिजली का फाल्ट ठीक करते समय करंट से संविदा कर्मचारी की मौत के मामले में अधिकारियों ने कर्मचारी की लापरवाही बता दी। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया का कहना है कि संविदा लाइनमैन शराब के नशे में काम कर रहा था, इसकी वजह से उसकी जान गई। लंगूरा गांव का रहने वाला राजवीर यादव संविदा पर लाइनमैन था। राजवीर को सोमवार रात 9 बजे पड़ोसी गांव के एक लाइनमैन ने फाल्ट ठीक करने के लिए फोन किया था। इसके बाद राजवीर खंभे पर चढ़कर फाल्ट ठीक करने लगा लेकिन करंट लगने से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई थी।

### पुलिया के नीचे मिला युवक का शव, सीमा विवाद में उलझी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में मढ़ीनाथ पुलिया के नीचे बुधवार दोपहर एक युवक का शव मिला। युवक के सिर में चोट के निशान थे। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस हत्या की आशंका जताते हुए जांच कर रही है। पुलिया के नीचे शव पड़े होने की सूचना पर जीआरपी और सुभाषनगर थाना पुलिस पहुंची लेकिन काफी देर तक सीमा विवाद में उलझे रहे। बाद में किला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# फाइल पास कराने के लिए बाबू पर 10 हजार रुपये मांगने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने सीएमओ कार्यालय में तैनात एक बाबू पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की है।

सुभाषनगर में बालाजी मंदिर के पास रहने वाले सुजीत कुमार ने बताया कि उनकी बेटी का कैंसर का इलाज चल रहा है। उन्होंने इलाज में हुए खर्च का क्लेम लेने के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल सीएमओ कार्यालय में भेजी। वहां तैनात एक बाबू ने उन्हें फोन किया और फाइल में कमी बताकर मिलने को बुलाया। जब वह बाबू से मिलने कार्यालय पहुंचे तो बाबू ने बिल पास करने के बदले 10 हजार रुपये देने को कहा। सुजीत कुमार ने रिश्वत देने से मना कर दिया। इस पर बाबू अड़ गया और उसने उनकी चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल अटका दी। अभी तक उन्हें मेडिकल क्लेम नहीं मिला है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने मामले की जानकारी होने से इन्कार किया है। कहा कि शिकायत आने पर जांच होगी।

# राशन कार्डों के चार हजार से ज्यादा आवेदन लंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चुनाव आचार संहिता के कारण नहीं बन पा रहे राशन कार्ड
- परेशान लोग जिला पूर्ति कार्यालय के लगा रहे चक्कर

**अमृत विचार :** दो महीने से नए राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं। आचार संहिता लागू होने की वजह से चार हजार राशन कार्डों के आवेदन लंबित हैं। आवेदन करने वाले जिला पूर्ति कार्यालय में चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं। आवेदकों को नया कार्ड बनवाने के लिए अभी 15 दिन और इंतजार करना पड़ेगा। पूर्ति विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जून में राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद राशन कार्ड न बनने से परेशान लोग जिला पूर्ति कार्यालय में पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इसके अलावा पूर्ति विभाग के तहसील कार्यालयों में तमाम आवेदन जांच के लिए रुके हुए हैं। विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन चार हजार से ज्यादा आवेदन लंबित हैं। जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के कारण राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर फिलहाल विराम लगा हुआ है। आवेदकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, 4 जून के बाद राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मई के राशन का वितरण फिलहाल चल रहा है। इसके अलावा जून महीने के उठान की तैयारी की जा रही है।

### आदेश पर बचे हुए बाजरा का होगा वितरण

फरवरी, मार्च और अप्रैल के महीने में राशन कार्ड धारकों को शासन के निर्देश पर गेहूं और चावल के साथ बाजरे का भी वितरण किया गया, लेकिन मई के वितरण के दौरान कार्ड धारकों को बाजरा नहीं दिया गया। इस मामले में जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि जो भी बाजरा बचा हुआ है शासन से निर्देश मिलने के बाद ही उसका वितरण कराया जाएगा।

# बड़ा बाईपास पर 78 बीघा में बन रही पांच अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में मतदान के बाद बीडीए ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बीडीए की टीम ने बुधवार को बड़ा बाईपास पर झुमका तिराहे के पास 78 बीघा में बन रहीं पांच अवैध कालोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

मंगलवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बीडीए की योजनाओं की समीक्षा और अवैध निर्माण पर सख्ती करने के निर्देश दिये थे। बुधवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सीबीगंज में झुमका चौराहे के पास एक निजी स्कूल के पीछे 10 बीघा क्षेत्रफल में बिना स्वीकृति के बन रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। इसी क्षेत्र में अवनिन्द्र कुमार की ओर से आठ बीघा क्षेत्रफल में, जयदेव गंगवार, बाबू राम गंगवार ने 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी का निर्माण कर रहे थे। टीम ने सभी निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा बड़ा बाईपास में प्लाईवुड फैक्ट्री के पीछे आशीष अग्रवाल 25 बीघा में और बाबू राम गंगवार 25 बीघा में अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। इन पर भी बुलडोजर चला दिया गया। प्रवर्तन टीम में सहायक अभियंता हरीश चौधरी और अवर अभियंता लक्ष्मण सिंह रावत आदि शामिल रहे। बीडीए के उपाध्यक्ष मानिकनंदन ए ने बताया कि प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान जारी रहेगा। लोग बीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद ही निर्माण कराएं।



बड़ा बाईपास के पास अवैध निर्माण को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर।

# युवक पर लावारिस कुत्तों को पकड़कर खून निकालने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** कुत्तों के साथ क्रूरता करने पर एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवक पर लावारिस कुत्तों को पकड़ कर खून निकाल कर बेचने का आरोप है।

पशु-पक्षी हॉस्पिटल चौबारी की ओर से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि घी मंडी निवासी वैभव शर्मा ने 20 मई को बिशप मंडल इंटर कॉलेज के सामने से कई सारे लावारिस कुत्तों को पकड़ लिया है। आरोप है कि वैभव लावारिस कुत्तों को पकड़ कर उनका खून निकाल कर बचेता है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# केजरीवाल को जान से मारने की धमकी देने वाला बरेली से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मेट्रो में दिल्ली के मुख्यमंत्री को लिखे थे धमकी भरे मेसेज

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी अंकित गोयल को दिल्ली की मेट्रो पुलिस ने बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अंकित जंक्शन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में लोन ऑफिसर है।

अंकित गोयल ने मेट्रो स्टेशनों और मेट्रो के अंदर मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए धमकी भरे मेसेज लिखे थे। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अंकित मूल रूप से डिप्टीगंज बुलंदशहर का रहने वाला है और इज्जतनगर क्षेत्र में ट्यूलिप ग्रेस अपार्टमेंट में किराये पर रहता है। पिछले तीन साल से अंकित का दिल्ली से न्यूरोलॉजिस्ट से इलाज चल रहा है। अंकित की पत्नी भी इज्जतनगर क्षेत्र की बैंक में ऑफिसर हैं। उसका पत्नी से भी विवाद चल रहा है। पुलिस अंकित और उसकी पत्नी का कई बार समझौता भी करा चुकी है। बैंक कर्मियों की मानें तो अंकित बैंक के स्टॉफ के लोगों को भी गोली मारकर हत्या करने की धमकी देता है। वह पिछले 15 दिन से बैंक में नहीं आ रहा है। उसने दिल्ली के पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर इंग्लिश में मुख्यमंत्री केजरीवाल को जान से मारने की धमकी और दिल्ली छोड़ने के मेसेज लिखे थे। मेट्रो कोच में लिखा था कि केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए प्लीज, अन्यथा, आपको तीन थप्पड़ याद करने होंगे। अब असली और वास्तविक थप्पड़ जल्द ही पड़ेगा। उसने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी धमकी देने के फोटो को अपलोड किए थे। उसने मेसेज में तीन थप्पड़ मारने और केजरीवाल के आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च करने की बात लिखी थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार आरोपी मानसिक तौर पर कमजोर है। दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि अंकित दिल्ली के बाराखंभा मेट्रो स्टेशन से चढ़ा था। पुलिस ने वाहन नंबर से उसका पीछा किया और बरेली से गिरफ्तार कर लिया।

# सीसीटीवी कैमरे के सामने अश्लीलता करता है पड़ोसी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक पड़ोसी सीसीटीवी कैमरे के सामने अश्लीलता करता है। इससे महिला परेशान हो गई है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला के मुताबिक उनका पड़ोसी नयाब सकलैनी उर्फ छोटू उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के सामने निर्वस्त्र होकर अश्लील हरकतें करता है। विरोध पर जान से मारने की धमकी देता है और गालीगलौज करता है।

महिला का आरोप है कि सकलैनी की हरकतों से परेशान होकर उन्होंने प्रेमनगर थाने में सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उन्होंने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बीसलपुर से युवती का अपहरण नवाबगंज में छोड़कर हुए फरार

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज


**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र की युवती का बीसलपुर में दादी के गांव से ईको कार में अपहरण कर लिया गया। उसके बाद उसे जंगल में ले गए और उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि युवकों ने धमकी दी कि उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर उसकी लाश कुत्तों को खिला देंगे। पुलिस से घिरता देख आरोपी युवती को नवाबगंज बाईपास पर छोड़कर फरार हो गए। बीसलपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती के मुताबिक वह पीलीभीत के बीसलपुर में दादी के पास रहने के लिए गई थी। आरोप है कि मंगलवार को शाम करीब 4 बजे ईको और बाइक सवार दबंग वहां पहुंचे। जब तक उसकी दादी कुछ समझ पातीं कि तब तक आरोपियों ने उन्हें बाल पकड़कर कार में डाल दिया और जंगल की ओर ले गए। युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। उनके मौसेरे भाई ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों की कार का नंबर दिया और महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत की। इसके बाद बीसलपुर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस से खुद को घिरता देख आरोपी युवती को छोड़कर फरार हो गए। बीसलपुर पुलिस युवती को नवाबगंज थाने लेकर पहुंची। युवती की दादी ने बीसलपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पोती और पोता नवाबगंज में रहते थे। कुछ समय पहले उनके पोते का पड़ोस की युवती से प्रेम प्रसंग हो गया और वह उसे लेकर भाग गया। जिसके बाद उनकी पोती उनके पास आ गई। मंगलवार को शाम नवाबगंज के शंकर लाल, राम सिंह व सूरज उसके घर आ धमके और उसकी नातिन को यह कहते हुए जबरदस्ती ले गए कि वह उसके साथ शादी करेंगे।

# डिवाइडर में घुसी एसी बस, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला में सिटी सब्जी मंडी के पास साहिबाबाद डिपो की एसी बस ब्रेक फेल होने से डिवाइडर से टकरा गई। गनीमत रही कि बस नहीं पलटी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने बस को हटवाकर यातायात सुचारू किया। सेटेलाइट बस अड्डे से साहिबाबाद डिपो की बस सवारी लेकर दिल्ली जा रही थी। बस जैसे ही अटल सेतु पुल से उतरकर सिटी सब्जी मंडी के पास पहुंची तभी अचानक से बस के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने बस को रोकने का प्रयास किया लेकिन बस डिवाइडर में टकराकर रुक गई। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि बस में सिर्फ चार से पांच सवारियां थीं और किसी को चोट नहीं आई है। ट्रैफिक पुलिस की मदद से बस को हटाकर ट्रैफिक चालू कराया। वहीं, क्षेत्र में चार दिन में तीन बस हादसे हो चुके हैं।



डिवाइडर से बस के टकराने के बाद सिटी स्टेशन रोड पर लगा जाम।

# शॉर्ट सर्किट से बैंक के प्रवेश द्वार में लगी आग, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रास्ता संकरा होने के कारण आग बुझाने में दमकल टीम को करनी पड़ी काफी मशक्कत

**अमृत विचार :** शार्ट सर्किट से कुदेशिया बैंक आफ बड़ौदा शाखा के मुख्य द्वार पर आग लग गई। इससे कर्मचारी और ग्राहकों में हड़कंप मच गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम बैंक में अचानक आग लग गई। इससे बैंक के बाहर अफरा-तफरी मच गई। बैंक कर्मियों ने सूचना फायर विभाग को दी। मौके पर सीओ प्रथम समेत फायर विभाग की टीम ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। इलेक्ट्रिक पैनल बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इस संबंध में बैंक कर्मियों ने जानकारी देने से मना कर दिया।

# प्लेटफार्म को ठीक करने में लेना पड़ेगा 40 दिन का ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडल रेल प्रबंधक ने जंक्शन पर प्लेटफार्म दो का किया निरीक्षण
- अधिकारियों से पूछा बार-बार हादसों का कारण

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने बुधवार को बरेली जंक्शन का निरीक्षण किया। हादसों का सबब बने प्लेटफार्म दो के बारे में मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों से हादसों का कारण पूछा। जवाब में प्लेटफार्म की ऊंचाई कम होना और मेनलाइन होने के कारण ट्रेन के पूरी रफ्तार में चलना बताया गया। डीआरएम को बताया गया कि यहां काम करने के लिए कम से कम 40 दिन का ब्लॉक लेना पड़ेगा। फिलहाल, प्लेटफार्म की ऊंचाई मीडियम लेवल प्लेटफार्म से थोड़ी ज्यादा है। जबकि यह एक हाईलेवल प्लेटफार्म है। ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गैप देखकर डीआरएम भी हैरान रह गए। वहीं, मंगलवार देर शाम बदायूं निवासी एक दंपति चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में घायल हो गए थे।

करीब दो साल में इस प्लेटफार्म पर दर्जन घटनाएं हो चुकी हैं। यह मामला मीडिया ने डीआरएम के सामने उठाया तो उन्होंने एडीईएन बरेली से सवाल किया, जिसके जवाब में एडीईएन ने कहा, वॉशेबल एप्रोन से ब्लास्ट ट्रैक में तब्दील होने के बाद से पटरी ऊंची और प्लेटफार्म नीचा हो गया। प्लेटफार्म को ठीक किया जाना है लेकिन यह प्रोजेक्ट बरेली जंक्शन के रि-मॉडलिंग कार्यों में शामिल है।

मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह खुद प्लेटफार्म दो का निरीक्षण किया। इस बीच ट्रेन आने पर उन्होंने प्लेटफार्म और पायदान के बीच को भी गंभीरता से देखा। इंजीनियरिंग के अधिकारियों ने डीआरएम के सवाल पर जवाब दिया कि यहां मेन लाइन होने के कारण 60 किमी प्रतिघंटा का कॉशन है। लिहाजा जब ट्रेन चलती है तो एक दम रफ्तार पकड़ लेती है। ऐसे में अक्सर हादसे चढ़ने और उतरने के दौरान होते हैं। डीआरएम ने भोजनालय और एसी वेटिंग हाल का निरीक्षण किया।



जंक्शन पर प्लेटफार्म दो का निरीक्षण करते मंडल रेल प्रबंधक। ● अमृत विचार

### निजी अस्पताल में भर्ती दंपती की हालत स्थिर

हरिद्वार जाने के लिए जंक्शन पर पहुंचे दंपती गलती से दूसरी ट्रेन में चढ़ गए। जल्दबाजी में गंगा सतलुज एक्सप्रेस से उतरने के दौरान घायल हुए थे। परिजनों ने एक्स पर शिकायत कर आरोप लगाया था कि घटना के काफी देर तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा था। बाद में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, दंपती की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### ऑपरेटिंग और ट्रेन लाइटिंग के कर्मचारियों को दी हिदायत

डीआरएम विशेष निरीक्षण यान से उतरकर सिकलाईन पहुंच गए। यहां मंगलवार को शंटिंग के दौरान ऑपरेटिंग और ट्रेन लाइटिंग के कर्मचारियों के बीच हुए विवाद के बाद उनकी जमकर क्लास ली। दोनों पक्षों की बात सुनकर सावधानी से काम करने के निर्देश दिए।

### आचार संहिता के कारण रुका रिमॉडलिंग कार्य

बरेली जंक्शन पर रिमॉडलिंग का कार्य होना है। ड्राइंग को लेकर फंसे पेच के सवाल पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के कारण तमाम कार्य रुके हुए हैं। ड्राइंग अप्रूवल की प्रक्रिया चल रही है। मंडल स्तर से ड्राइंग भेज दी गई है। अब मुख्यालय की तरफ से ड्राइंग को स्वीकृति मिलना बाकी है।

# अब हेमलता हत्याकांड की विवेचना करेंगे फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आठ दिन बाद भी खुलासा न होने पर एसएसपी ने बदली जांच
- पुलिस की शक की सुई पति पर, जल्द होगा खुलासा

**अमृत विचार :** शाही क्षेत्र में हेमलता की हत्या का खुलासा आठ दिन बाद भी न होने पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मामले की विवेचना फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय को सौंप दी है। एसएसपी ने हत्याकांड के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। शाही पुलिस के फेल होने से पुलिस की किरकिरी हो रही है। पुलिस शक के आधार पर लगातार पति राजकुमार से पूछताछ कर रही है। पुलिस जल्द खुलासा कर सकती है।

शाही के गांव बकैनिया का राजकुमार 14 मई को अपनी ससुराल शीशगढ़ के गांव मल्सा खेड़ा से लौट रहा था। राजकुमार के मुताबिक बदमाशों ने लूटपाट का विरोध करने पर हेमलता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस शुरू से पति राजकुमार को शक के दायरे में लेकर पूछताछ कर रही है। दो दिन पहले हेमलता के पिता हरीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर राजकुमार पर हत्या करने का शक जाहिर किया था।

पुलिस की कई टीमें पति राजकुमार से पूछताछ कर रही हैं। साथ ही उसके दोस्तों समेत हेमलता के परिजनों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया जाएगा।

**-घुले सुशील चंद्रभान,** एसएसपी

### एसओजी ने शाही में डाल रखा है डेरा

एसओजी की टीमें पुलिस अधिकारियों के साथ शाही में डेरा डाले हुए हैं और पति राजकुमार और उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही हैं लेकिन अब तक कोई अहम सुराग नहीं मिला है। राजकुमार ने पूछताछ में बताया कि वह कराटे सीखा हुआ है और उसने लुटेरों के हाथ से तमंचा छीन लिया था। पुलिस ने जब तमंचा देने की बात की तो तुरंत अपने बयानों से मुकर गया और कहा कि दोबारा फिर से लुटेरों ने तमंचा उससे छीन लिया था। राजकुमार के बयानों से पुलिस को कुछ कड़ी जुड़ती दिखती है तो उसका दोस्त रामबहादुर उस बात को काट कर दूसरी तरफ बातों का ले आता है।

## सार-संक्षेप

### विजन फॉर विकसित भारत पोस्टर का विमोचन



**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विजन फॉर विकसित भारत विषय पर शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया। भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका और उनके विचार जानने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं को 30 जून तक पंजीकरण कराना होगा। युवाओं को 31 जुलाई तक वेबसाइट पर जमा करने होंगे। इस प्रतियोगिता में कम से कम एक लाख युवाओं के भाग लेने की संभावना है। शोध पत्र लेखन में जिन प्रतिभागियों के शोध पत्र स्तरीय होंगे उनमें से एक हजार युवा शोधार्थियों का चयन कर 15, 16 और 17 नवम्बर को दिल्ली में युवा शोधार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं भारतीय शिक्षण मंडल के प्रकाशन विभाग की अखिल भारतीय सह-प्रमुख प्रो. सुमित्रा कुकरेती, ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष प्रो. आशुतोष प्रिय आदि मौजूद रहे।

### प्रधान सहायक के निलंबन पर की तालाबंदी



**बरेली, अमृत विचार :** प्रधान सहायक को निलंबित करने से आक्रोशित कर्मचारियों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद कर्णिक संघ के बैनर तले बुधवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में तालाबंदी कर नारेबाजी की। संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद सेन ने बताया कि कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक पवन कुमार भारतीय को बिना कारण बताओ नोटिस के ही निलंबित कर दिया गया है, जो अनुचित है। यदि निलंबित प्रधान सहायक का निलंबन आदेश निरस्त नही किया जाता तब तक कार्यालय में पूर्णरूप से ताला बंद रहेगा और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। क्षेत्रीय मंत्री अजीत कुमार सोनकर, संगठन मंत्री मो. अलीम, कोषाध्यक्ष वंदना तिवारी, राजकुमार पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अल्मा मातेर स्कूल में सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में 10 वीं में 97 .2 फीसदी अंक अर्जित करने वाले आदि सैनी के अलावा पावनी, देवांश और 12 वीं में 95 .4 फीसदी अंक लाने वाले तरुण सक्सेना, शिखा और सार्थक मल्होत्रा को सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर प्रत्यक्ष ढींगरा ने सभी टॉपर्स को 1 लाख की प्रोत्साहन धनराशि देने की घोषणा की है। प्रधानाचार्य शुभेंदु दत्ता ने मेधावियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### मारवाड़ी युवा मंच नाथ नगरी ने बांटा शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** मारवाड़ी युवा मंच नाथ नगरी बरेली शाखा ने गर्मी में राहत देने के लिए बुधवार को नई बस्ती नरकुलागंज में लोगों को शरबत का वितरण किया। शाखा अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज, सचिव आकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज खंडेलवाल, हर्षित ऐरन, राहुल जालान, गौरव जैन, मनोज अग्रवाल , गगन काबरा, आयुष मित्तल आदि मौजूद रहे।

# एलएलबी परीक्षा की तिथि बढ़ाएं नहीं मिला पढ़ाई का पूरा समय

## सछास ने रुविवि के प्रशासनिक भवन में किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने एलएलबी परीक्षा की तिथि जारी करने पर विरोध कर प्रदर्शन किया। सछास ने मांग की कि तिथि को आगे बढ़ाया जाए, क्योंकि छात्रों को पढ़ाई करने का पर्याप्त समय नहीं मिला है।

सछास ने उप कुलसचिव सुनीता यादव को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विश्वविद्यालय ने एलएलबी की मुख्य परीक्षा की तिथि 28 मई से 6 जून तक निर्धारित की है। विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म भरवाने के कम समय में ही परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। इससे छात्रों को पढ़ाई करने का अवसर नहीं मिल पाया है। इसके अलावा इससे पहले सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम के बाद छात्रों का सेमेस्टर का पठन-पाठन भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जाए। छात्रों ने प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में सछास के प्रदेश उपाध्यक्ष सय्यद फरहान अली, जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष विकांत सिंह, अजय यादव, सुमित यादव, अयान, अभिषेक, मो. आफताब, अंकित, मो. कैफ आदि मौजूद रहे।



उप कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बार-बार परीक्षा की तिथि बदलने से परेशान छात्र

बरेली कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बार-बार बदलने से छात्र-छात्राएं परेशान हो रहे हैं। बुधवार को कॉलेज में कुछ छात्र जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा देने पहुंचे लेकिन उन्हें बताया गया कि कार्यक्रम बदल दिया गया है। इसकी वजह से छात्रों की परीक्षा छूट गई। अब छात्रों को सुधार परीक्षा देनी होगी। छात्रनेता रवि पंडित ने बताया कि पहले परीक्षा फार्म स्वीकृत करने में छात्रों को दिक्कत हुई थी और अब परीक्षा में दिक्कत हो रही है। जिन छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूटी उनमें कंचन श्रीवास्तव, पायल देवी, प्रीति देवी, करण राठौर, प्रज्ञा, राहुल आदि हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा की वजह से परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विवि ने गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवकाश की वजह से बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष और बीएससी तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा 2024 के कार्यक्रम में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 23 मई को सुबह 11 से 2 बजे की पाली में होने वाली बीए द्वितीय वर्ष की साइकोलॉजी के सोशल साइकोलॉजी प्रश्नपत्र की परीक्षा 29 मई को होगी। इसके अलावा दोपहर 3 से 6 बजे की पाली में होने वाली बीए तृतीय वर्ष की संस्कृत के वेद मंत्र के प्रश्नपत्र और बीएससी तृतीय वर्ष के बॉयोटेक्नोलॉजी के इन्वॉयरमेंटल बॉयोटेक्नोलॉजी की परीक्षा 19 जून को होगी। उन्होंने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के बारे में अपने स्तर से भी छात्रों को बताएं। छात्रों को नया प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए भी कहें।

### जंतु विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि बदली

बरेली कॉलेज ने बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बदल दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि 24 और 25 मई को होने वाली परीक्षा किन्हीं कारण से स्थगित की गई है। परीक्षा की अगली तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

# एसजेआर में प्रदेश में रुहेलखंड विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- देश में विश्वविद्यालय को 163 वीं और विश्व में 6828 वीं रैंक मिली
- ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्व में 1018 वीं रैंक मिली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को एससीआईमैगो जरनल एंड कंट्री रैंकिंग (एसजेआर) में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा विश्वविद्यालय की देश में 163वीं और विश्व में 6828वीं रैंक मिली है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में भी विश्व में 1018 रैंकिंग हासिल की है। दोनों रैंकिंग बुधवार को जारी की गई है।

इससे पहले विश्वविद्यालय ने नैक और ईडू में भी बेहतर रैंक प्राप्त की थी। इसके अलावा यूजीसी ने विश्वविद्यालय को श्रेणी वन के विश्वविद्यालय में रखा है। अब एसजेआर में बेहतर रैंक मिलने से विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, एशिया रैंकिंग और कई अन्य में अच्छा स्थान हासिल होने की उम्मीद जगी है। विश्वविद्यालय की प्रभावशाली रैंकिंग कई शैक्षणिक मापदंडों में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है।

ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 1018 रैंक विश्वविद्यालय के रोजगार पर इसके मजबूत जोर को इंगित करती है और इसके व्यापक कैरियर विकास कार्यक्रमों, उद्योग भागीदारी और जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में परिलक्षित होती है।

प्रो. भोला खान ने बताया कि एसजेआर में देश में 168 रैंकिंग 324 विश्वविद्यालयों में मिली है जो बड़ी उपलब्धि ही है। उन्होंने बताया कि 4 जून को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी की जाएगी। उम्मीद है कि इसमें भी विश्वविद्यालय को बेहतर रैंक मिलेगी।





## तीन दिवसीय बैकयार्ड मुर्गी पालन प्रशिक्षण संपन्न

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर में डीएपीएसटी परियोजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय बैकयार्ड मुर्गी पालन प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. दिव्या ने निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी का स्वागत किया। इस मौके पर निदेशक ने प्रशिक्षुओं को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रत्येक लाभार्थी को 30 किलो मुर्गी दाना, 25 चूजे दिए गए। प्रशिक्षण में 40 किसानों ने भाग लिया। डॉ. राज नारायण, डॉ चंद्रदेव आदि मौजूद रहे।

# जिले के नौ निजी स्कूलों में एक भी नए छात्र का नामांकन नहीं, रद हो सकती है मान्यता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यू-डायस पोर्टल पर भी दर्शाया जा रहा पिछले सत्र का डाटा
- बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र शुरू हुए 52 दिन हो चुके हैं, लेकिन जिले में 9 निजी स्कूलों में अभी तक एक भी नए छात्र का नामांकन नहीं हुआ है। इतना ही नहीं इन स्कूलों का यू-डायस पोर्टल पर पिछले सत्र का डाटा दर्शाया जा रहा है। बीएसए ने इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। नामांकन न मिलने पर ऐसे विद्यालयों की मान्यता रद हो सकती है।

बुधवार को बीएसए की ओर से जारी पत्र के मुताबिक बहेड़ी में शारदा शिशु मंदिर, क्यारा में जय मां सरस्वती शिक्षा सदन और महर्षि दयानंद सरस्वती स्कूल, नगर क्षेत्र में प्रयागो जूनियर हाईस्कूल, आलोक पंकज पब्लिक स्कूल, रामनगर में स्व. जगदीश प्रसाद पाठक कन्या स्कूल, रिछा में आनंद बाल बिहार, मदरसा रविया नुरूल उलूम और मदरसा रेहाना फातमा निसवान में अभी तक एक भी नए छात्र का नामांकन नहीं हुआ है। इन सभी स्कूलों के यू-डायस पोर्टल पर पिछली बार के छात्रों की संख्या ही दर्शायी गई है। बीएसए ने ऐसे स्कूलों की नामांकन रिपोर्ट पर हैरानी जताई है। यह स्कूल वास्तव में संचालित हो रहे हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए उन्होंने संबंधित क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

बीएसए संजय सिंह ने बताया कि अगर यह विद्यालय संचालित होते हुए नहीं मिले तो मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। संबंधित स्कूलों को यू-डायस पोर्टल पर भी हमेशा के लिए बंद करा दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को जल्द जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।





# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया, गूंजे जयकारे

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास मधुर कृष्ण ने कहा कि प्रभु के नाम से ही जीवन की दिव्यता और परम सार्थकता है।

श्री हरि स्मरण ही जीव मात्र के कल्याण का सहज साधन है। बताया कि यही कारण है कि ध्रुव ने 5 वर्ष की आयु में प्रभु का साक्षात्कार प्राप्त कर लिया। धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए प्रभु संसार में अवतरित होते हैं। कहा कि मथुरा की कारागार में जन्म लेकर श्री कृष्ण नंद यशोदा के यहां पधारे तो संपूर्ण गोकुल नगरी का वातावरण आनंदमय हो गया। इस दौरान जय कन्हैया लाल के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया। कान्हा के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद,गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, सतेंद्र कुमार, रेनू छाबड़ा,कंचन अरोरा आदि उपस्थित रहे।



मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कथा व्यास मधुर कृष्ण

- हरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

## विशाखा नक्षत्र में आज मनाई जाएगी वैशाख पूर्णिमा

**बरेली, अमृत विचार :** विशाखा नक्षत्र में गुरुवार को वैशाख पूर्णिमा मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि इस दिन स्नान- दान का विशेष महत्व होता है। सत्यनारायण और धर्मराज की पूजा विशेष रूप से की जाती है। इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। पशुपति नाथ मंदिर के पुजारी पं. मुकेश मिश्र ने बताया कि इस दिन पीपल की पूजा करने का महत्व धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है।

# साहूराम स्वरूप महाविद्यालय में कल से शुरू होंगे प्रवेश

- छात्राओं को कॉलेज में जाकर जमा करने होंगे पंजीकरण फार्म

**बरेली,अमृत विचार :** साहूराम स्वरूप महिला महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश शुक्रवार से शुरू हो जाएंगे। छात्राओं को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद कॉलेज में पंजीकरण कराना होगा और हार्डकॉपी कॉलेज में जमा करनी होगी।

विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत सीटों से अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने बताया 24 मई से कॉलेज में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। छात्राओं को ऑनलाइन पंजीकरण के बाद शुल्क कॉलेज में जमा करना होगा। पोर्टल पर शुल्क जमा करने में समस्या आ रही है। इसे दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में बीए की 720, बीएससी गृह विज्ञान की 60, बीकॉम की 60 और बीलिब की 40 सीटों पर प्रवेश होंगे।





# ग्रीष्मकालीन हैंडबॉल टूर्नामेंट का बरेली स्टेडियम बना विजेता



कार्यक्रम में मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी और अतिथि। ● अमृत विचार

- राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में फाइनल में सहारनपुर को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर पहले ग्रीष्मकालीन हैंडबॉल टूर्नामेंट का बरेली स्टेडियम विजेता बना है। बरेली स्टेडियम ने फाइनल में सहारनपुर को 18-16 से हराया।

टूर्नामेंट में चंडीगढ़, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद और बरेली की सात टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों को दो पूल में बांटकर लीग मैच कराए गए, जिसमें स्टेडियम बरेली की टीम ने अपने ग्रुप में चंडीगढ़ को 17-11,अलीगढ़ को 14-4 और सहारनपुर को 15-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल स्टेडियम बरेली और मुरादाबाद के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम बरेली ने मुरादाबाद को 16-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में सहारनपुर ने बरेली रोड नंबर 4 को 17-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बरेली स्टेडियम ने सहारनपुर को 18-16 के अंतर से हराकर जीत हासिल की। विजेता टीम को 51 सौ और उपविजेता को 31 सौ रुपये की धनराशि और ट्राफी दी गई। तीसरे स्थान पर रहने वाली बरेली रोड नंबर 4 की टीम को 21 सौ रुपये की धनराशि दी गई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में हिमांशु मिश्रा, हेमंत कुमार, रामकुमार और रवि रहे। इस दौरान आरिफ शाह, मोहम्मद शान, अभिषेक, अजय गंगवार, मानस, कृष्ण, आयुष, वैशाली, सतीश शर्मा, बरेली हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव फसील बैग मौजूद रहे।

## तैराकी के लिए तरणताल में दंपतियों के लिए विशेष इंतजाम

**बरेली, अमृत विचार :** तैराकी के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल में दंपतियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां सुबह 8-9 बजे तक तरणताल में दंपती तैराकी कर सकते हैं। अब तक चार दंपतियों ने पंजीकरण कराया है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि कोच की निगरानी में दंपतियों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## स्टेडियम में बास्केटबॉल शिविर की हुई शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार:** जिला बास्केटबॉल संघ की ओर स्टेडियम में खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। सचिव सोनेंद्र श्रोतिया ने बताया कि जून में तीन प्रतियोगिताएं बरेली में होंगी।

इसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। शिविर में 30 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# सलाह : वैवाहिक जीवन में प्रवेश से पहले कराएं थैलेसीमिया की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 233 थैलेसीमिया के मरीजों का इलाज चल रहा है। थैलेसीमिया से किस प्रकार बचाव और निदान हो, इसके लिए आईएमए ने बुधवार को गोष्ठी का आयोजन किया। इससे पहले आईएमए हाल में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया गया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि शिविर में कुल 80 बच्चों की जांच के साथ उपचार किया गया। इसके बाद हुई गोष्ठी में नोएडा के पीजीआई चाइल्ड अस्पताल की हेमेटो- ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नीता राधाकृष्णन ने कहा कि माता - पिता के थैलेसीमिया माइनर होने पर शिशु में थैलेसीमिया मेजर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने से पहले थैलेसीमिया की जांच जरूर कराई जाए। साथ ही गर्भावस्था के तीसरे माह में जांच से शिशु में थैलेसीमिया की आशंका का पता चल सकता है।

डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि जीवन भर ब्लड चढ़ाना कठिन इलाज है। वहीं बोन मैरो ट्रांसप्लांट से इस जटिल बीमारी से निजात मिल सकती है।

आईएमए अध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य न केवल थैलेसीमिया का प्रभावी ढंग से निदान और उपचार करना है, बल्कि बोन मेरो प्रत्यारोपण जैसे संभावित इलाज के रास्ते भी तलाशना है। सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ. अंजू उप्पल, डॉ. जे सरदाना, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. अनूप आर्या आदि मौजूद रहे।



शिविर में मरीज को देखतीं डॉ. नीता राधाकृष्णन और डॉ. सरदाना। ● अमृत विचार

- आईएमए ने थैलेसीमिया मरीजों के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया
- 80 बच्चों को मिला उपचार गोष्ठी में नोएडा के वरिष्ठ डॉक्टरों ने अनुभव किए साझा

### सरकारी अस्पताल में नहीं होगी दवाओं की किल्लत

शिविर के दौरान में जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने भी आईएमए के डॉक्टरों साथ बैठक कर आश्वासन दिया कि थैलेसीमिया के मरीजों के लिए दवाओं की जिला अस्पताल में उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। जल्द थैलेसीमिया जांच सेंटर यहां स्थापित कराने की कवायद भी की जाएगी।



